सरकूलर नं0: अपमा/2016–2018/88 दिनांक : 23–5–2017

''पैदल मार्च सफलतापूर्वक सम्पन्न''

व्यापारी भाईयों, मोटर पार्ट्स एवं ट्रैक्टर पार्ट्स पर जीएसटी की 28% दरों तय किये जाने के विरोध में दिनांक 22–5–2017 को अपमा प्रधान श्री आर.के. गुप्ता जी के नेतृत्व में एक पैदल मार्च तिकोना पार्क से होकर बड़ा बाजार, गुरू नानक मार्किट, छोटा बाजार, पंजा शरीफ, गंदा नाला बाजार, निकल्सन रोड तक निकाला गया। इस पैदल मार्च में काफी संख्या में व्यापारी भाईयों ने भाग लेकर व्यापारी एकता का परिचय दिया है, उसके लिए हम आप सब का धन्यवाद करते है। इस पैदल मार्च में अपमा के पूर्व प्रधान श्री शंकरलाल अग्रवाल जी, श्री वी.ए. दीवान जी, निवर्तमान प्रधान श्री रामदास कुकरेजा जी ने व्यापारियों का हौसला बढ़ाया। इसके अलावा मोरी गेट स्थित ऑटोमोटिव एण्ड जनरल ट्रेडस वेलफेयर एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। आपकी इस दृढ़ संकल्पता से हमें आभास होता है कि सरकार को एक बार फिर अपना निर्णय लेने से पहले हमारी भावनाओं को तथा मोटर पार्ट्स एवं ट्रेक्टर पार्ट्स पर 28% जीएसटी दरों से होने वाली परेशानियों को अवश्य समझना होगा तथा जो भी निर्णय लेना होगा वह जनहित में लेना होगा ।

साथियों, हमें इस दबाव को बरकरार रखना है तथा एकजुट होकर सरकार को अपनी शक्ति का परिचय दें तथा इस आन्दोलन का रूप देने के लिए यदि आवश्यकता पड़े तो धरने, हड़ताल, रैली भी करेंगे। अतः आपसे अनुरोध है कि आप तैयार रहें। हम आपको आगामी गतिविधियों से समय–समय पर सरकूलर के माध्यम से अवगत कराते रहेंगे ।

हम एक बार फिर इस पैदल मार्च को सफल बनाने के लिए आपका आभार व्यक्त करते हैं।

व्यापारी एकता जिन्दाबाद ।

(विष्णु भार्गव)
महासचिव